# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

**E-mail ID: nhmbalodabazaar@gmail.com** **Tel.phone No. -07727-223550**

क्रमांक / एन.एच.एम. / एच.आर. / NS-3301 / 2025–26 / 1344 बलौदाबाजार, दिनांक 13 / 02 / 2026

## / / विज्ञापन / /

कार्यालय मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) के पत्र क्र./NHM/HR/PROJ-4107/6/2025-SECTION (NHM)/1240 दिनांकः 08.07.2025 के परिपालन एवं आर.ओ.पी. 2025–26 में स्वीकृति अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

अतः निम्न तालिकानुसार रिक्त संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु समस्त अर्हताधारी इच्छुक छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) में **दिनांक 13/02/2026 से 28/02/2026 समय शायं 05:00 बजे** तक केवल **पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम् से आमंत्रित किया जाता है।

### रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क. | पदनाम | कार्यक्रम | रिक्त पद | वेतनमान | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (Essential Qualification/Recuirement) | वांछनीय योग्यता (Desireable Qualification) | अनारक्षित | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | Community Health Officer | AAM/ HWC | 17 | 16500 | BSc. Nursing /Post Basic BSc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course and live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 7 | 2 | 0 | 0 | 6 | 2 | 0 | 0 |
| 2 | Nursing Officer | NHM | 3 | 16500 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Nursing Officer | Trauma & Emergency | 1 | 16500 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | Staff Nurse | SNCU | 1 | 16000 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | Staff Nurse | NBSU | 3 | 16000 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Staff Nurse | NRC | 5 | 16000 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 7 | Staff Nurse | PICU/ HDU (ICU) | 12 | 16000 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 5 | 1 | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 |
| 8 | Staff Nurse | PICU/ HDU (Ward) | 15 | 16000 | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed and Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 5 | 2 | 3 | 0 | 3 | 0 | 2 | 0 |
| 9 | ANM | NUHM | 1 | 12000 | 12th passed, ANM Passed & INC affiliated Training Centre and live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | ANM | RBSK | 1 | 12000 | 12th passed, ANM Passed & INC affiliated Training Centre and live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Audiologist | NPPCD | 1 | 25000 | Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology(BASLP)/B.S.C. (Speech & Hearing) from RCI Recognized institute. | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | Laboratory Technician | IDSP | 1 | 14000 | 1. Higher Secoundary (10+2) in Biology With BMLT<br>2. (A) Higher Secondary (10+2) In Biology With DMLT<br>(B) Higher Secondary (10+2) In Biology With Paramedical Technician one Year certificate Course (CMLT)<br>3. Registration in Paramedical Council of India or Chhattisgarh Paramedical Council.<br>First Preference will be given to BMLT | | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | Lab Assistant -DPHL | IDSP | 2 | 12000 | 12th Passed with Biology with 1 year Experience in culture lab/Bacteriology | | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | District Manager - Data | IDSP | 1 | 21100 | B.Tech/B.E in CS/IT/Electronics (Regular) Or Post Graduate Qualification in Computer Science (Regular) | Minimun 3 years experience. Preference will be given to those who have worked in health or Social Sector | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Physiotherapist | NHM | 1 | 18000 | Bachelor's Degree in Physiotherapy (B.P.T.) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 16 | Psychologist - Clinical | NMHP | 5 | 23000 | एम.फिल साईकोलॉजी, यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी.साईकोलॉजी /एम.ए. साईकोलॉजी (रेगुलर) को प्राथमिकता दिया जावेगा। | | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 17 | Counselor | NHM | 1 | 12000 | PG Degree/Diploma in Psychology/counselling/Health Education/Mass Communication/Social Science. | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |

| क. | पदनाम | कार्यक्रम | रिक्त पद | वेतनमान | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (Essential Qualification/Recuirement) | वांछनीय योग्यता (Desireable Qualification) | अनारक्षित | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 18 | Counselor - Blood Bank | Blood Bank | 1 | 12000 | Post-Graduate in Social Work/Sociology/Psychology/Anthropology/ Human Development | * Knowledge of computers.<br>* Proficiency in MS Office.<br>Experience:- Minimum two years after Essential qualification | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | Feeding Demonstrator | NRC | 1 | 12000 | B.Sc Home Science | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | Attendant-NRC | NRC | 1 | 8800 | 8 th Passed | | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | Cook Cum Care Taker | NRC | 1 | 8800 | 8 th Passed | | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | Support Staff (Housekeeping staff) | NHM | 3 | 10000 | 8 th Passed | | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 |
| 23 | Secretarial Assistant - NTEP | NTEP | 1 | 13650 | 1. 10+2 with Diploma in Comuter Application Or Equivalent Recognized by the Council for Technical Education/ DOEACC<br>2. Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language<br>3. should be well Conversant with Various Computer Programming Including MS Word, Excel, Simple Statistical Packages | At least One year Experience in Related Field | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | Secretarial Assistant | NHM | 1 | 13650 | Graduate with At least 1 year diploma in Computer Aplication | | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | NHM | 3 | 12000 | 12th Pass with At least 1 year diploma in Computer Aplication | | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | Security Guard | ICU | 1 | 10000 | 1. 10th Passed with Recognised Education Board.<br>2. Minimum 01 Year experience of Security Guard in Govt./ Semi Govt./ Private Institute.<br>3. Medical Fitness Certificate should be Certified by District Medical Board.<br>4. Height Should be Minimum 160 cm.<br>5. Character Certificate should be certified by Parsad/ Sarpanch | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | Jr. Secretrial Assistant-LDC - UHWC | NUHM | 3 | 12000 | 12th Passed with at least 01 Year Diploma in Computer Applications. | | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |

## नियुक्ति हेतु नियम, शर्तें एवं चयन प्रक्रिया

1. आवेदन निर्धारित प्रारूप में केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से ही स्वीकार किया जावेगा। व्यक्तिगत अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. आवेदन निर्धारित प्रारूप में दिनांक 13/02/2026 से 28/02/2026 समय शायं 05:00 बजे तक ही स्वीकार किया जावेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
3. आवेदक द्वारा विज्ञापित पद के एक से अधिक पदों पर आवेदन करने हेतु पृथक–पृथक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन करते समय **लिफाफे के ऊपर अपना नाम, पदनाम एवं कार्यक्रम का नाम स्पष्ट रुप से उल्लेख करना अनिवार्य होगा** जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है अन्यथा आवेदन निरस्त माना जावेगा।
4. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये समस्त प्रविष्टियाँ मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिए। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात् दस्तावेज जाँच में यह पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी अधूरी या त्रुटिपूर्ण है इस स्थिति में अभ्यर्थी को अंतिम चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
5. निर्धारित तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों को विज्ञापन में निहित आवश्यक शर्तें एवं विज्ञापन में चाही गई अनिवार्य दस्तावेज के आधार पर अभ्यर्थियों की पात्र/अपात्र की सूची तैयार की जावेगी। उक्त सूची जिले के विभागीय वेबसाइट पर निर्धारित समय के लिए दावा–आपत्ति हेतु प्रकाशित किया जावेगा।
6. दावा आपत्ति में प्राप्त आवेदनों का जिला चयन समिति द्वारा निराकरण करने उपरांत दावा–आपत्ति निराकरण एवं पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी किया जावेगा। दावा–आपत्ति हेतु निर्धारित तिथि के समाप्ति उपरांत प्राप्त आपत्ति आवेदनों को स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा। दावा–आपत्ति में प्रस्तुत समस्त दस्तावेज विज्ञापन के अंतिम तिथि के पूर्व का ही मान्य किया जावेगा। किसी भी परिस्थिति में नवीन दस्तावेज मान्य नहीं होगा।
7. विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या के आधार पर निम्न तालिकानुसार पात्र अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु आहुत किया जावेगा।

| क. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | दस्तावेज सत्यापन लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 01 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुना |

8. दस्तावेज सत्यापन हेतु आवेदक का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्राधिकृत आवेदक के किसी भी प्रक्रिया में अनुपस्थित रहने पर कार्य के प्रति रुचि नहीं मानते हुए उस आवेदक को भर्ती प्रकिया से पृथक किया जावेगा।

9. दस्तावेज सत्यापन के दौरान पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ संलग्न किए समस्त मूल दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में अभ्यर्थी को भर्ती प्रकिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दिया जावेगा।

10. उक्त विज्ञापित पदों के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी। प्रतीक्षा सूची हेतु पदवार विज्ञापित समस्त रिक्त पदों के विरूद्ध 300 प्रतिशत अभ्यार्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा।

11. अंतिम चयन सूची एवं प्रतिक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से अगामी 01 वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी। इस दौरान पद के रिक्तता की स्थिति में उक्त प्रतीक्षा सूची से पदपूर्ति की जा सकेगी।

12. छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ/20–4/2014/आ.प्र./1–3, नया रायपुर दिनांक 27/09/2014 अनुसार केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं/पदों के आरक्षण के लिए पात्र होंगे, जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत दिव्यांगता से ग्रस्त हो। जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहते है, उन्हें जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। पद कमांक–01 Community Health Officer के 17 पदों में से 01 पद दिव्यांग (OA,OL) हेतु आरक्षित है तथा पद कमांक–08 Staff Nurse PICU/HDU के 15 पदों में से 01 पद दिव्यांग (OA,OL) हेतु आरक्षित है।

13. **पात्रता की शर्ते :–**

I. आवेदन पत्र जिले के विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड करने के उपरांत आवश्यक प्रविष्टियां स्पष्ट अक्षरों में आवेदक द्वारा स्वयं पूर्ति कर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

II. विज्ञापन में दिए गए निर्देशों को पढ़कर तथा आवेदन पत्र में दिए गये सभी खानों को भली–भांति देखकर सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरना होगा। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र को चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

III. आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी/स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चस्पा करना अनिवार्य है।

IV. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध कर पृष्ठ कमांक अंकित करना होगा। आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को स्वयं के द्वारा सत्यापित कर इस प्रकार निर्धारित क्रम में व्यवस्थित करना अनिवार्य हैः– (1) आवेदन पत्र (2) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र (3) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (4) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण, पत्र (5) शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्षों की अंकसूची (6) अनुभव प्रमाण पत्र (7) संबंधित डिग्री तथा काउंसील का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (8) पहचान पत्र। उपरोक्त आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति का होगा।

V. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। गलत जाति प्रमाण–पत्र देने की स्थिति में भी आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त किया जा सकेगी।

VI. आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है तथा निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल प्रमाण पत्र होना चाहिए।

VII. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत जिला रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र विज्ञापन की तिथि तक वैध होना अनिवार्य होगा। रोजगार पंजीयन जीवित नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य किया जावेगा। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

VIII. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्थान का है उस संस्थान को यूजीसी, एआईसीटीई एवं संबंधित काउंसील से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। समस्त पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नियमित कोर्स होने पर ही मान्य किया जावेगा। किसी भी परिस्थिति में अनियमित/Distance/Correspondence शैक्षणिक योग्यता को मान्य नहीं किया जावेगा।

IX. ऐसे अभ्यर्थी जिसके प्रमाण पत्र में अंकों की गणना ग्रेडिंग के आधार पर की गई है उनको अपने संबंधित स्कूल/महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक/संस्था प्रमुख से प्राप्तांक–पूर्णांक एवं प्रतिशत की प्रमाणित अंकतालिका/गणनापत्रक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रमाणित अंकतालिका/गणनापत्रक प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उस अभ्यर्थी को उक्त पद हेतु अपात्र माना जावेगा।

X. Community Health Officer पद हेतु अभ्यर्थी जो सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (BSc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic BSc Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण हो उन्हें विज्ञापन में संलग्न Appendix-I अनुसार Integrated Course उत्तीर्ण होने का प्रमाण–पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

XI. जन्म तिथि के निर्धारण हेतु 8वीं/10वीं की अंकसूची ही मान्य होगी। चिकित्सकीय पद हेतु नियमानुसार आयु दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष तथा प्रबंधकीय पद हेतु आयु दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। शासकीय एवं अर्धशासकीय सेवा में कार्यरत अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार छूट की पात्रता होगी।

XII. Security Gaurd पद हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जनवरी 2026 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों हेतु 05 वर्ष की छूट होगी।

XIII. Community Health Officer पद हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष छूट प्रदान किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न वर्गों के सीधी भर्ती हेतु आयु सीमा में छुट के संबंध में समय–समय पर जारी निर्देश/आदेश/नियम (यथासंशोधित) लागू होंगे, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

XIV. आवेदन करने की तिथि तक आवेदक के समस्त आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र जीवित (वैध) होना आवश्यक है। आवेदक को आवेदन भरते समय सावधानी बरतना आवश्यक है अन्यथा बाद में आवेदक के द्वारा जन्म तिथि, वर्ग, विषय आदि में संशोधन मान्य नहीं होंगे।

XV. आवेदक द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत करने की स्थिति में चयन प्रकिया के किसी भी स्तर पर अथवा चयन के पश्चात् किसी भी समय उसकी सेवा निरस्त की जा सकती है।

**14. अनुभव एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र :–**

I. अनुभव प्रमाण पत्र नियोक्ता द्वारा जारी केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्र अथवा छ.ग. शासन) संस्था/उपक्रम/निगम/मंडल का ही मान्य होगा।

II. अनुभव प्रमाण पत्र में कार्य की कुल अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य है तथा आवेदित पद के अनुरूप होने पर ही मान्य किया जावेगा। निःशुल्क सेवा कार्य अनुभव अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गये पद का कार्य अनुभव मान्य नहीं होगा।

III. जीवनदीप समिति अंतर्गत कार्यरत कार्यानुभव हेतु जिला चिकित्सालय स्तर पर सिविल सर्जन एवं विकासखण्ड स्तर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा, जिसमें प्रदत्त मासिक राशि (मानदेय/क्षतिपूर्ति/आकस्मिक वेतन आदि) का उल्लेख होना अनिवार्य है अन्यथा अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा।

IV. शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग के प्रति वर्ष का अनुभव हेतु 02 अंक एवं अधिकतम 05 वर्ष हेतु 10 अंक प्रदान किया जावेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कार्य अनुभव हेतु प्रति वर्ष 03 अंक एवं अधिकतम 05 वर्ष हेतु 15 अंक प्रदान किया जावेगा। 01 वर्ष से कम के कार्य अनुभव की गणना नहीं किया जावेगा।

V. नर्सिंग ऑफिसर, स्टाफ नर्स एवं ए.एन.एम. पद हेतु ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिन आवेदकों को 01 वर्ष का 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अंक प्रदान किया जावेगा।

VI. ए.एन.एम. प्रशिक्षित मितानिनों के लिए 31 दिसम्बर 2017 तक की तिथि में ए.एन.एम. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। 31 दिसम्बर 2017 के बाद उत्तीर्ण ए.एन.एम. मितानिन अनुभव अंकों के लिए पात्र नहीं होंगे।

VII. छत्तीसगढ़ शासन का पत्र क्र. एफ.1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 03.02.2023 के तहत् कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं एक वर्ष में 06 माह तक कार्य अनुभव/सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को 06 माह का कार्य अनुभव रखने पर ही अनुभव के 10 बोनस अंक का लाभ दिया जावेगा। जिस हेतु आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, कार्यालय का आदेश पत्र नहीं होने की स्थिति में अनुभव को अमान्य किया जावेगा।

VIII. कोविड बोनस के साथ अन्य अनुभव रखने की स्थिति में सभी अनुभव को मिलाकर अधिकतम 15 अंक का लाभ दिया जावेगा।

IX. शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्र अथवा छ.ग. शासन) संस्था/उपक्रम/निगम/मंडल में कार्यरत आवेदक को नियोक्त प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा जिसमें आवेदक का पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो अन्यथा अनापत्ति प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा।

X. Security Gaurd पद हेतु शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्था में सेक्यूरिटी गार्ड के रुप में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा। शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था के कार्य अनुभव को नियमानुसार अंक प्रदान किया जावेगा तथा निजी संस्था के अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थी को पात्र किया जावेगा किन्तु अनुभव का अंक प्रदान नहीं किया जावेगा।

**15. चयन प्रक्रिया :–**

I. Laboratory Technician, पद हेतु 12वीं कक्षा के प्राप्तांक के 40 प्रतिशत अंक एवं तकनीशियन संबंधित पाठ्यक्रम के प्राप्तांक के 45 अंक एवं अनुभव के अंकों को जोड़कर वरीयता सूची तैयार की जावेगी।

II. Secretarial Assistant/Jr. Secretarial Assistant पद हेतु शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के 65 प्रतिशत अंक एवं कम्प्यूटर योग्यता का 20 प्रतिशत अंक तथा अनुभव के अंकों को जोड़कर वरीयता सूची तैयार की जावेगी।

III. शेष सभी पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के 85 प्रतिशत अंक तथा अनुभव के अंकों को जोड़कर वरीयता सूची तैयार की जावेगी।

IV. उपरोक्तनुसार निर्धारित चयन प्रक्रिया में किसी एक पद हेतु एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में उन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर आपसी, वरीयता तय की जावेगी तथा अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।

V. उक्त नियुक्तियाँ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा। सभी नियुक्तियाँ वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2026 तक के लिये होगी तथा पूर्णतः अस्थायी एवं अस्थानांतरणीय होगी।

VI. अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर में उपस्थित होने के लिये किसी भी तरह का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा तथा अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के दौरान बुलाने का तात्पर्य यह नहीं होगा कि उनका चयन हो गया है।

VII. नियुक्ति के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जिले के विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। इस हेतु आवेदक को किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

VIII. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रुप से नियुक्ति रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया अथवा मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

IX. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/शासकीय/अर्धशासकीय विभाग/शासन द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण समाप्त की गई है उन्हे अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

X. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत समान वेतन एवं समान सामर्थ्य आवेदकों को आवेदन करने की स्वतंत्रता रहेगी कि आवेदन प्रस्तुत करने के पूर्व उन्हे सेवा शर्तों के अनुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी। यह प्रमाण पत्र केवल नियोक्ता द्वारा जारी होने पर ही स्वीकार होगा।

XI. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदन प्रपत्र में भरी गई जानकारी तथा मूल दस्तावेजों से विभिन्नता पाए जाने पर आवेदक की उम्मीदवारी चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

XII. Security Gaurd के पद पर चयन की स्थिति में अभ्यर्थी का पुलिस वेरिफिकेशन तथा शारीरिक मापदण्ड कराया जावेगा तत्पश्चात् अंतिम चयन की कार्यवाही की जावेगी।

**16. आवेदक हेतु अन्य आवश्यक दिशा–निर्देश :–**

I. विज्ञापित संविदा पदों की संख्या परिवर्तनीय है। प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटायी एवं बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है।

II. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का निराकरण करने एवं अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) का होगा।

III. जिला में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।

IV. विज्ञापित संविदा पदों की संख्या में बैकलाग भी शामिल है।

V. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा किसी तरह का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित किया जा रहा है तब उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

VI. Community Health Officer के रूप में कार्य करने के दौरान प्रतिमाह राशि रू. 16,500 मानदेय एकमुश्त एवं साथ में कार्य–प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि (Performance Based Incentive) प्रतिमाह अधिकतम राशि रू. 15,000 तक दी जायेगी। इस संबंध में मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश लागू होंगे।

टीपः– 1. यह विज्ञापन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (छ.ग.) अंतर्गत मानव संसाधन नीति वर्ष 2018 एवं यथा संशोधित नियमों के अनुरूप प्रकाशित किया जा रहा है।

2. उक्त विज्ञपित पदों पर नियुक्ति से संबंधित जानकारियाँ जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) के विभागीय वेबसाईट www.balodabazar.gov.in में प्रकाशित की जावेगी एवं इसके संबंध में पृथक से पत्र के माध्यम् से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। अतएव समय–समय पर वेबसाईट का निरंतर अवलोकन करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थियों की होगी।

3. सभी नियुक्तियाँ एवं चयन प्रक्रिया माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क. 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)**

Appendix-I

[Format for Certification from Principal for Applying for CHO, NHM, CG]

[For Candidates who shall be passed In Final Examination of B.Sc. (Nursing)/Post Basic BSc (Nursing) along with integrated Certificate course in Community Health (CCH)]

College Letter Head

## Certificate

This is to certify that Mr./Ms./Mrs. ..................................... University enrollment number ............................Son/daughter/Wife of ...................is a passed student of B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing course with integrated curriculum of Certificate in Community Health as per notification of University. He/She is due to passed in final examination of the course.

Dated: .....................

Authorized Signatory

Signature With Seal

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
# जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

E-mail ID:- nhmbalodabazaar@gmail.com Tel.phone Unit. -07727-223550

## आवेदन पत्र का मान्य प्रारूप

आवेदित पद का नाम ..............................................................................

स्वंय का फोटोग्राफ चस्पा कर स्व:प्रामाणित करें

प्रति,

श्रीमान् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला –बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | स.क. (केवल कार्यालय उपयोग हेतु) | | | | |
| 1 | अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) | | | | |
| | (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) | | | | |
| 2 | पिता / पति का नाम | | | | |
| 3 | स्थायी पता | | | | |
| 4 | पत्र व्यवहार का पता | | | | |
| 5 | मोबाईल नंबर | | | | |
| 6 | ईमेल–आईडी | | | | |
| 7 | लिंग (पुरूष / महिला / अन्य) | | | | |
| | ऊँचाई (केवल Security Guard पद हेतु) | सेन्टीमीटर में | | | |
| 8 | जन्मतिथि विवरण (8वीं / 10वीं के अंकसूची के आधार पर) | अंको में | | | |
| | | शब्दों में | | | |
| | | दिनांक 01 / 01 / 2026 की स्थिति में आयु (Day/Month/Year) | | | |
| 9 | वर्ग | अभ्यर्थी का संवर्ग / जाति लिखें :– | | | |
| 10 | आवेदित पद हेतु संवर्ग | जिस संवर्ग / जाति हेतु आवेदन कर रहे है (सही का निशान लगायें) :–<br>अनारक्षित / अ.पि.वर्ग / अनु.जाति. / अनु.जन.जाति | | | |
| 11 | छ.ग. निवासी (हाँ / नहीं) | | | | |
| 12 | निवासी जिला का नाम | | | | |
| 13 | रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन (हाँ / नहीं) | रोजगार कार्यालय का नाम | पंजीयन दिनांक | पंजीयन क्रमांक | पंजीयन की वैद्यता दिनांक |
| | | | | | |
| 14 | योग्यता अनुसार संबंधित काउंसिल में जीवित पंजीयन (हाँ / नहीं) | पंजीयन संस्था का नाम | पंजीयन की तारीख | पंजीयन क्रमांक | पंजीयन की वैद्यता दिनांक |
| | | | | | |

| 15 | शैक्षणिक योग्यता<br>( 8वीं, 10वीं, 12वीं स्नातक + स्नातकोत्तर के सभी वर्षों के अंक सूची का विवरण एवं अन्य शैक्षणिक योग्यता का कमशः विवरण देवें) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक |
| 15.1 | | | | | |
| 15.2 | | | | | |
| 15.3 | | | | | |
| 15.4 | | | | | |
| 15.5 | | | | | |
| 15.6 | | | | | |
| 15.7 | | | | | |
| 15.8 | | | | | |

| 16 | कार्यानुभव का संस्था (सही का निशान लगायें) | | | शासकीय / | अर्द्धशासकीय / | निजी संस्था |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पद नाम<br>(जिस पद का कार्यानुभव है नाम लिखें) | विभाग / संस्था का नाम | नियुक्ति आदेश कमांक | कब से<br>(Day/Month/ Year) | कब तक<br>(Day/Month/ Year) | मासिक वेतन<br>(रूपये में) |
| 16.1 | | | | | | |
| 16.2 | | | | | | |
| 16.3 | | | | | | |
| 16.4 | | | | | | |

//घोषणा पत्र//

मैं प्रमाणित करता / करती हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण मेरे / मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य है। कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा चयन निरस्त करने एवं मेरे विरूद्ध की जाने वाली अनुशासनात्मक / वैधानिक कार्यवाही मुझे मान्य होगी।

**दिनांक :**—————

**स्थान :**—————

**आवेदक के हस्ताक्षर**



**नामः**............................

छत्तीसगढ़ की सभी
सरकारी नौकरी/जॉब/वेकेंसी का संग्रह

CgCareer ( सी.जी. कैरियर ) टेलीग्राम ग्रुप

# CgCareer

टेलीग्राम चैनल

Telegram
Groups

चैनल में जुड़ने के लिए इस पेज में कहीं भी क्लिक करें